तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 24 नवंबर 2024

13 मिडिल स्कूल में हुई हिन्दी पठन प्रतियोगिता

14 आनंद उत्सव मेले में छात्रों ने लगायी विज्ञान प्रदर्शनी




# 5 लाख तक मुफ्त इलाज के लिए बुजुर्गों को बनवाना होगा आयुष्मान कार्ड

## 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों के लिए अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सरकारी व इन्पैनल निजी अस्पतालों में 5 लाख तक मुफ्त इलाज के लिए 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को क्लब कराकर नया आयुष्मान कार्ड बनवाना होगा। कार्ड नहीं बनाने पर सरकारी या निजी अस्पताल राशन कार्ड के प्रकार के अनुसार पुरानी लिमिट में ही इलाज की सुविधा दी जाएगी। बीपीएल कार्ड होने पर स्वयं और परिवार को हर साल 5 लाख और एपीएल होने पर 50 हजार तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। केवाईसी कराने पर बुजुर्गों का अगल आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जायेगा। इस कार्ड से वे किसी भी सरकारी व इन्पैलन निजी अस्पतालों में 5 लाख तक स्वयं का इलाज करा सकेंगे। राशन कार्ड में दर्ज ब्यौरा अनुसार जिले में 70 प्लस आयु वर्ग वाले कुल 49 हजार 734 लोग है। इनमें अधिकतर के नाम उनके परिवार के पास मौजूद राशनकार्डों में दर्ज है। अब तक उन्हें उनके परिवार को जारी राशनकार्ड अनुसार इलाज की सुविधा मिलती रही। है। नई स्कीम चूंकि आधार नंबर बेस स्कीम है इसलिए केवाईसी में राशनकार्ड की कोई जरूरत नही पडेगी।

बुजुर्गों के लिए केवाईसी कराने व कार्ड बनाने की सुविधा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला चिकित्सालय एवं पंजीकृत निजी चिकित्सालय पर भी उपलब्ध है।

### आधार से भी बनेगा आयुष्मान कार्ड

जिला नोडल के अनुसार च्वाईस सेन्टरों पर भी लोग आधार कार्ड से आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। परिवार कोटे से अलग 5 लाख तक मुफ्त इलाज के लिए 70 प्लस आयु वर्ग के लोगों को नया कार्ड बनवाना अनिवार्य है।




### जिले में 70 प्लस का आंकड़ा

बलौदाबाजार जिले में अनुविभाग वार 70 प्लस आयु वर्ग वाले लोगों के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण बलौदाबाजार में 8940, शहरी बलौदाबाजार 1159, ग्रामीण भाटापारा 6774, शहरी भाटापारा 2757, शहरी लवन 444, ग्रामीण कसडोल 10,660 शहरी कसडोल 695, ग्रामीण पलारी 8471, शहरी पलारी 387 ग्रामीण सिमगा 8236, शहरी सिमगा 632 शहरी टुंन्ड्रा 539 शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### सतनामी समाज की बैठक आज

**पलारी।** सतनामी समाज पलारी द्वारा इस वर्ष भी 17 दिसंबर को सतनाम शोभा यात्रा का आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारी के लिए 24 नवम्बर को दोपहर 2 बजे प्री मेट्रिक बालक छात्रवास पलारी में बैठक रखी गई है। इसमें पलारी क्षेत्र के सभी नवयुवक साथी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, भंडारी, साटीदार व गणमान्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित होकर अपनी राय मशवरा प्रदान करेंगे। साथ ही शोभा यात्रा का सफलता पूर्वक संचालन किया जा सके। समाज प्रमुख दुर्गा प्रसाद महेश्वर, महेश ढ़ीढ़ी ने अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### मवेशियों को कत्लखाने ले जाते तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद।** पुलिस ने मवेशियों को कत्लखाने ले जाते तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मुढैना में वाहन क्रमांक सीजी 04 एमपी 4077 में मवेशियों को लोड किया जा रहा है और मवेशियों को कत्ल खाना ओडिशा राज्य बेचने के लिए ले जा रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी, जहां वाहन में जयप्रकाश जोशी पिता हीराराम जोशी (24 साल) निवासी ग्राम बाराडेरा थाना विधानसभा रायपुर जिला रायपुर एवं लोकेश सतनामी पिता मदन सतनामी (30 साल) निवासी बरोंडा बाजार थाना व जिला महासमुंद एवं पराग आंवडे पिता हेमधर आंवडे ( 40 साल) निवासी भोरिंग थाना तुमगांव जिला महासमुंद मिले। आरोपीगणों एवं उनके संयुक्त आधिपत्य के वाहन टाटा अल्ट्रा 1041 ट्रक की तलाशी ली गई, तलाशी में ट्रक के ट्राली में क्रुरता पूर्वक कृषक पशु भैंस भैंसा प्रजाति के 12 मवेशी लदा हुआ पाया गया। आरोपीगणों ने बिट्टू सिंह निवासी रायपुर एवं शाहरूख निवासी सरोना रायपुर के कहने पर उडीसा राज्य कत्ल खाना विक्रय के लिए ले जाना बताया। आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6,10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि0 2004 एवं 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### बागबाहरा क्षेत्र में अवैध धान, पेट्रोल-डीजल और पीडीएस चावल जब्त



**महासमुंद।** बागबाहरा एसडीएम उमेश कुमार साहू के निर्देशन में तहसील कोमाखान के खैरतकला और भलेसर गांवों में कार्रवाई की गई। राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को धान, पेट्रोल-डीजल और पीडीएस चावल की अवैध भंडारण और व्यापार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जब्ती की। ग्राम खैरतकला के निवासी राधे चंद्राकर के पास से 650 कट्टा धान और भलेसर के बल्ला चंद्राकर के पास से 700 कट्टा अवैध धान मंडी अधिनियम तहत के जब्त किया गया। खैरतकला में ही प्रदीप चंद्राकर की दुकान पर छापा मारा गया। वहां से 250 लीटर पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर व्यावसायिक परिसर में अवैध रूप से भंडारित पाए गए। साथ ही दुकान से 40 कट्टा पीडीएस चावल भी बरामद किया गया। यह चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को वितरित किया जाना था। एसडीएम उमेश कुमार साहू ने बताया कि अवैध भंडारण और वितरण पर प्रशासन की सख्त नजर है। उन्होंने सभी व्यापारियों और भंडारणकर्ताओं से कहा है कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## समस्या : परिवहन में लापरवाही से मार्ग राखड़ से अटा, अधिकारी मौन

# एनएच पर उड़ रही राखड़ भरी धूल राहगीरों को खतरा, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग के मध्य नगर पालिका सिमगा में सड़क किनारे प्रतिदिन उड़ रही राखड़ भरी धुल से राहगीर परेशान हैं। आंखों में राखड़ की धुल पड़ने से जलन की शिकायतें आ रही है। सिमगा चार जिलों रायपुर, बिलासपुर, बेमेतरा एवं बलौदाबाजार के बार्डर में स्थित है। क्षेत्र में देश के नामी सीमेंट उद्योग सहित छोटे-बड़े कई उद्योग भी स्थापित हैं, जिसके चलते माल वाहक वाहनों की अधिकता है। एनटीपीसी राखड़ डैम से रोजाना बड़े-बड़े कंटेनर हाईवा तथा ट्रेलर से राखड़ का परिवहन किया जाता है।

उक्त वाहनों के चालक होटल ढाबों के आसपास एवं सड़क किनारे कहीं भी ट्रक खड़ी कर कंटेनर से राखड़ गिरा देते हैं, जहां अन्य वाहनों के चलने से धुल का गुबार उड़ते रहता है और सड़कों पर चौबीसों घंटे धूल उड़ती रहती है, जिसका खामियाजा आमजन मानस भुगतने मजबूर हैं।

वहीं चार पहिया वाहन के चालक भी राखड़ भरी धूल के गुबार से ठीक से देख नहीं पाते हैं, ऐसे में सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं। फिर भी संबंधित विभाग उड़ते राखड़ भरी धूल से लोगों को निजात दिलाने कोई पहल नहीं कर रहा है। दिखावे के तौर पर नेशनल हाईवे का एक वैन दिन भर रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर दौड़ते रहती है। इसके साथ ही पुलिस विभाग की हाईवे पेट्रोलिंग गाड़ी भी हाईवे पर घूमते रहती है। अगर विभाग के अधिकारी राखड़ डस्ट गिराने वाले वाहनों पर कार्रवाई करते हैं तो इस धूल से लोगों को निजात मिल सकती है।



### आंख के लिए नुकसान दायक

बीएमओ सिमगा डॉ. पारस पटेल का कहना है कि किसी भी प्रकार का डस्ट आंखों के लिए नुकसानदायक है। लेकिन राखड़ वाला डस्ट यदि आंख के कार्निया में चिपक गया तो, कार्निया ट्रांसप्लांट करने की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### हम हर गाड़ियों को देख नहीं सकते

नेशनल हाईवे के साइड इंजीनियर आशुतोष पुसलवार ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि हम हर गाड़ियों को देख नहीं सकते कि किस वाहन से डस्ट गिर रहा है।

# सुनील सोनी की जीत पर भाटापारा में जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



रायपुर दक्षिण में हुए उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के विजयी होने पर यहां के भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी।

इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने कहा रायपुर दक्षिण विधान सभा से ऐतिहासिक विजय केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णु देव सरकार के कार्यों पर रायपुर की जनता ने मुहर लगाई है।

सुनील सोनी की ऐतिहासिक जीत चुनाव संचालक सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा के कुशल चुनाव संचालन का परिणाम है।

भाजपा अध्यक्ष मनेंद्र सिंह, सोनी गुंबर ने कहा कि हमारे लिये गर्व की बात है कि सुनील सोनी हमारे क्षेत्र से सांसद भी रहे हैं यह विजय उनकी लोकप्रियता का परिणाम है। इस अवसर पर जिला मंत्री महाबल बघेल अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. मोहन बांधे, राजा कामनानी हज कमेटी के पूर्व सदस्य मोहम्मद सलीम, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील यदु, आशीष जायसवाल, महामंत्री योगेश अनंत गोपाल देवांगन, नेता प्रतिपक्ष व्यास यदु, पुरुषोत्तम यदु, सुमन मिश्रा, देवेदर साहू, गोवर्धन डहरिया, मोहम्मद हारुन, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीरा साहू, आयशा खान, मधु सोनी, अंजलि जायसवाल, तनुजा धृतलहरे, अंजलि जायसवाल, रितु यादव, उमाशंकर वर्मा, नारायण साहू, राजेश छाबरिया, आशीष पुरोहित, कुंज राम कोसले, संतोष ठाकुर, शेखर ठाकुर, सुखदेव यदु, सुमन मिश्रा, गोविंद पटेल, सकून ध्रुव, चंद्रकला सहाय ने बधाई दी।

## अभ्यास स्कूल में टिटनेस टीकाकरण शिविर

**महासमुंद।** शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को टिटनेस का टीका लगाया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को टिटनेस के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि टिटनेस बैक्टीरिया के कारण होने वाला एक गंभीर संक्रमण है, जो घाव, चोट या गंदगी के संपर्क में आने से फैल सकता है। इससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण आवश्यक है।

## शिवरीनारायण मठ में संगीतमय श्रीराम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन 28 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शिवरीनारायण मठ में संगीतमय श्रीराम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन 28 नवंबर से 6 दिसंबर तक होगा। मठ मंदिर प्रशासन द्वारा इसके लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। मठ मंदिर के प्रांगण में भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है, यहां आने –जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर पार्किंग व्यवस्था भी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण मठ में आयोजित होने वाले श्रीराम कथा में लोग राज्यभर के कोने–कोने से बड़ी संख्या में पहुंचकर महानदी के त्रिवेणी संगम में स्नान कर भगवान का दर्शन लाभ प्राप्त कर श्रीराम कथा में पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। कथा सुबह 9 से दोपहर 12 तथा दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक निर्धारित की गई है। व्यास पीठ पर कथा वाचन के लिए श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य, श्री स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज अयोध्या धाम विराजित होंगे। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था मठ मंदिर प्रशासन द्वारा की गई है। राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज एवं समस्त न्यासी गण ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील आम नागरिकों से की है।

## जन्म-मृत्यु का निःशुल्क पंजीयन 21 दिनों में

**बलौदाबाजार।** जिला मुख्यालय में जन्म–मृत्यु पंजीयन, रजिस्ट्रीकरण संशोधन अधिनियम 2023 छ.ग. जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के तहत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु की घटना का पंजीयन 21 दिवस के भीतर निःशुल्क कराया जा सकता है। 21 दिवस के पश्चात विलंबित पंजीयन हेतु निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों से जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है। जन्म–मृत्यु पंजीयन संशोधन अधिनियम 2023 के अधिसूचना 1 अक्टूबर 2023 के पश्चात जन्म प्रमाण पत्र जन्म तिथि के प्रमाणन हेतु एकमात्र दस्तावेज के रूप में मान्य है। जन्म–मृत्यु पंजीयन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं अति.मुख्य रजिस्ट्रार जन्म–मृत्यु द्वारा अपील की गई है कि जिले में प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु की घटना का पंजीयन अवश्य करायें। जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र की वैधानिक मान्यता एवं उपदेयता सभी सरकारी एवं गैर सरकारी दस्तावेज में किया जा सकेगा।

# नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन ने किया मितानिनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शनिवार को मितानिन दिवस पर नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने मितानिन बहनों का साड़ी श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप सभी अपने कर्तव्य निष्ठा से कार्य कर लोगों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं को घर घर जाकर बताते हैं एवं गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग करते हैं, जिसके लिए आप सभी सम्मान के पात्र हैं। इस पर उपस्थित मितानिन ने भी अपनी ओर से नपं अध्यक्ष को कहा कि हमें पहली बार इस तरह से सामूहिक रूप से सम्मान मिला हैं जिसके लिए आपके आभारी हैं।

इस अवसर पर पार्षद ताजेन्द्र कनौजे, डॉ. जाल, सुभाष वर्मा, रवि ध्रुव सहित आधिकारी कर्मचारी, मितानिन अनीता वर्मा, सुनिता वर्मा, पूनम वर्मा, ललिता वर्मा, रूखमणी साहू, माधुरी सेन, निशा देवांगन, रेशमा रानी, लैली निशा खान, नीता वर्मा, फाल्गुनी मिश्रा, लक्ष्मी साहू, उपस्थित थीं।




## विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच में 36 बच्चों को सर्जरी की आवश्यकता बतायी

# बाल हृदय रोग शिविर में 107 बच्चों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला अस्पताल में बच्चों में हृदय रोग की पहचान हेतु एक विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के शुभारंभ पर कलेक्टर दीपक सोनी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने निर्देश दिए तथा ऐसे शिविर आयोजित करते रहने कहा।

शिविर के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों में साल में एक बार तथा आंगनबाड़ी में साल में दो बार सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। उक्त परीक्षणों में कुछ बच्चों के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित होने की आशंका हुई, जिनके आगे की जांच के लिए यह विशेष जांच शिविर आयोजित किया गया है। बताया की आयोजित शिविर में 107 बच्चों का परीक्षण किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार के जांच शिविर समय–समय पर आयोजित किए जाते रहे हैं। शिविर में रायपुर के एक बड़े निजी अस्पताल की बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. किंजल बक्शी द्वारा बच्चों की जांच की गई। जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. केके टेम्भूरने के अनुसार बच्चों में जन्मजात हृदय रोग के कारण उनमें थकान और सुस्ती बनी ▶▶ शेष पेज 13 पर



### 20 बच्चें चिरायु टीम की निगरानी में

परीक्षण में ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी तथा रक्त जांच की गई। जांच में 36 बच्चों को सर्जरी की आवश्यकता पाई गई है, जिसकी व्यवस्था की जा रही है। 20 बच्चों को चिरायु टीम की निगरानी में रखा गया है, जिनकी समय–समय पर जांच की जाती रहेगी। शिविर में भाटापारा के ग्राम मिरगी से अपनी 11 वर्षीय बच्ची को लेकर आये संतकुमार निषाद ने बताया कि बच्ची की जांच गांव के स्कूल में चिरायु टीम द्वारा की गई थी, जिसे अब आगे की जांच के लिए अस्पताल लाएं हैं, यहां सभी जांच निःशुल्क हुई है तथा जरूरी दवाईयां भी दी गई हैं। यहां स्वल्पाहार की भी व्यवस्था है। ऐसे ही ग्राम टेहका की 4 वर्षीय बच्ची के पिता राजकुमार दक्षिणे ने अस्पताल में प्राप्त सुविधा पर संतुष्टि जाहिर की है।

## घरों में लग रहे डिजिटल स्मार्ट मीटर, रीडरों को सता रहा रोजगार छिन जाने का डर

**महासमुंद।** जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में सूचना क्रांति के युग में अब घरों के विद्युत मीटर भी अछूता नहीं रहा। छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना के अंतर्गत अंचल में पुराने मीटर के स्थान पर नया डिजिटल स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। शहरों एवं ग्रामीण इलाको में स्मार्ट मीटर इंस्टॉल करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। निजी कंपनी की चार पांच टीम प्रत्येक घरों में स्मार्ट मीटर लगाने के काम में जुटी हुई है। लोगों में भी स्मार्ट डिजिटल मीटर लगाना कौतूहल का विषय है। नए मीटर को लगाने के बाद लोगों में रिचार्ज करने की उत्सुकता है। गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ता अपनी आवश्यकता के अनुरूप रिचार्ज कर सकेंगे साथ ही खपत एवं बैलेंस की वास्तविक स्थिति की जानकारी भी उन्हें रहेगी। विद्युत विभाग को बकाया वसूली एवं विद्युत कनेक्शन काटने के झंझट से मुक्ति मिलेगी।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

**खबर संक्षेप**

### चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश



**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन चौक के पास एक बदमाश को चाकू के साथ पकड़ा गया है। एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अड्डेबाजों के खिलाफ जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू रखा है एवं एवं किसी को मारने की बात कह रहा है। सूचना पर थाना स्टाफ मौके पर पहुंचा और लोधीपारा निवासी हनुमान शर्मा उर्फ बजरंग शर्मा की जामा तलाशी लेने पर कमर में छिपाकर रखा एक धारदार चाकू मिला। चाकू रखने के संबंध में कोई वैध कागजात पेश नहीं किया। पुलिस ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### महानदी परियोजना के कार्यों के लिए 4.29 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने धमतरी जिले के विकासखंड कुरुद में महानदी मुख्य नहर के अंतर्गत 28.89 किलोमीटर पर क्रॉस रेग्युलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्यों को कराने चार करोड़ 29 लाख 5 हजार रुपए स्वीकृत किए है। योजना के इन कार्यों के पूर्ण हो जाने पर योजना की रूपांकित सिंचाई में 412 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा में और वृद्धि होगी। इससे क्षेत्रीय किसानों को फायदा होगा। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को परियोजना के स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# पाइपलाइन बिछाने तोड़ीं वार्डों की सड़कें, सिर्फ मेन रोड बनवाने सर्वे और प्रस्ताव

## बिरगांव निगम का मुख्य मार्गों को चमकाने पर फोकस, वार्डों की नहीं ली सुध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खारुन से बिरगांव जल आवर्धन योजना के तहत बिरगांव निगम ने सभी 40 वार्डों की सड़कों को तोड़ने के बाद पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया। इससे लगभग सभी बस्तियों व कॉलोनियों की सड़कों का बुरा हाल है। इससे आने-जाने वाले लोगों को रोज दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है।

इन सड़कों को बनवाने के लिए अभी सर्वे भी नहीं हुआ है। दूसरी तरफ मेन रोड को चकाचक करने के लिए निगम के जिम्मेदारों ने सर्वे करने के बाद इनका डामरीकरण कराने के लिए करीब 4 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। बिरगांव निगम सीमा में शामिल 6 गांव के 40 वार्डों में इन दिनों सड़कों का बुरा हाल है। इसे बनवाने के लिए जिम्मेदारों ने अभी सर्वे भी शुरू नहीं किया है। सूत्रों ने बताया कि इसका दिसंबर के बाद सर्वे होगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि कई वार्डों में अभी सर्विस रोड से जुड़ी बस्तियों में पाइपलाइन का काम बचा है। इसे पूरा करने के बाद वार्डों के लिए सर्वे किया जाएगा। इसके लिए भी वार्ड पार्षदों ने प्रस्ताव दिया है। वहीं दूसरी तरफ इन्हीं प्रस्तावों में शामिल मेन रोड के डामरीकरण को पहली प्रायर्टी में रखते हुए उसे पूरा करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। फंड मिलने में विलंब की वजह से बाजार वाले मुख्य मार्ग भी अव्यवस्था का शिकार है। इनमें सबसे ज्यादा खराब स्थिति रावांभाठा, उरला चौक से फिल्टर प्लांट, अछोली से बाजार चौक रूट के साथ ही उरला से सरोरा मुख्य मार्ग प्राथमिकता में है।




### बजट मिलने पर करवाएंगे निर्माण

अभी वार्डों में पाइप लाइन का काम बचा है, इसे देखते हुए मुख्य मार्गों का प्रस्ताव भेजा है। बजट मिलने के बाद निर्माण करवाएंगे। इसके अलावा पार्षदों से मिले प्रस्ताव को भी एमआईसी से मंजूरी दी गई है, सर्वे के बाद वार्डों की सड़कों का भी निर्माण करवाने प्रक्रिया करेंगे।

- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

## अधिकारियों ने दिए कमियों को दूर करने के निर्देश

# रेल मंत्री के स्वागत में स्टेशन चमकाने में जुटा अमला, रायपुर से नागपुर तक पटरियों की जांच





हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नागपुर से रायपुर के बीच बीते कुछ सालों में पटरियों का काम तेजी से चला है। इस कार्य के लिए रेलवे अभी तक 500 से अधिक ट्रेन रद्द कर चुका है। वर्तमान में पटरियों का काम लगभग पूरा होने के बाद अब इसका निरीक्षण करने अधिकारियों के साथ खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आने वाले हैं। इसकी तैयारी में नागपुर से लेकर रायपुर मंडल तक रेलवे अमला जुटा हुआ है।

**खास खबर**

जानकारी के मुताबिक रेल मंत्री रायपुर में 1 घंटा बिताएंगे। इस दौरान स्टेशन व मंडल में चल रहे अन्य कार्यों की अधिकारियों से जानकारी भी लेंगे। अमृत भारत योजना समेत मॉडल स्टेशनों के कार्यों का भी निरीक्षण किया जाएगा। मंत्री के स्वागत में स्टेशन को चमकाने कार्य किया जा रहा है। रेल मंत्री के दौरे को लेकर पटरियों से लेकर प्लेटफार्म को साफ किया जा रहा है।

### अधिकारियों ने बनाई तैयारी की रूपरेखा

स्टेशनों व अन्य कमियों को दूर करने नागपुर डीआरएम व रायपुर मंडल के डीआरएम शुक्रवार को स्टेशन पहुंचे। इस दौरान तैयारी का जायजा लेते हुए रेल मंत्री के तय शेड्यूल अनुसार रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान डीआरएम ने साफ-सफाई और स्टेशन में साफ रखने का निर्देश दिया है। इस दौरान यात्री सुविधाओं की कमियों को दूर करने को कहा है। निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री स्टेशन में यात्रियों से भी बातचीत कर सकते हैं। इस वजह मंडल कमियों को दूर करने में लगा हुआ है। अधिकारियों ने प्लेटफार्म 1 को निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। 25 को प्लेटफार्म में कोई यात्री सोया न रहे। वेंडर्स को भी नियमों का पालन करने का कहा गया है।



- रेल मंत्री के दौरे को लेकर शुक्रवार को रायपुर पहुंचीं नागपुर डीआरएम, बनाई गई तैयारी की रूपरेखा
- रायपुर डीआरएम ने स्टेशनों में यात्री सुविधा व अधूरे मेंटेनेंस कार्यों को पूरा करने दिए निर्देश

### अधूरे मेंटेनेंस कार्य को किया पूरा

रेल मंत्री के दौरे को लेकर स्टेशन में आरपीएफ और जीआरपी को अलर्ट मोड में है। स्टेशन को चमकाने के लिए रेलवे अधिकारियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। सभी अधूरे मेंटेनेंस कार्य को रातों-रात पूरा किया गया। वहीं खराब डिस्प्ले, लाइट, पंखे समेत एसी को भी सुधारा जा चुका है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वेटिंग रूम में रंग रोगन कर उसकी खूबसूरती को बढ़ाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सैलून प्लेटफार्म-1 पर आने वाला है, इसके चलते पटरियों को भी सुधारने का काम चल रहा है।

### इस तरह रहेगा रेल मंत्री का शेड्यूल

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के शेड्यूल मुताबिक 24 नवंबर को वे दिल्ली से रात 8 बजकर 10 मिनट रवाना होकर रात 9:40 बजे नागपुर पहुंचेंगे। नागपुर में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन 25 नवंबर को वो सुबह 8 बजे आयोजित एसटी-एससी एसोसिएशन के वार्षिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम इसके बाद रेल मंत्री सुबह 9:50 बजे नागपुर से ट्रेन से रवाना होते हुए 1:15 बजे रायपुर पहुंचेंगे। रायपुर में एक घंटा बिताने के बाद वे 2:15 बजे फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों ने विधि विभाग के प्रमुख सचिव को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय संघ के अधिकारी-कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विधि विभाग के प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के जरिए संघ ने 15 दिन के भीतर मांगों पर विचार कर पूरा नहीं करने पर चरणबद्ध आंदोलन करने की बात कही है।

संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा, सचिव गोविंद साहू, सहसचिव धर्मेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष पुखराज साहू सहित अन्य सदस्यों ने विधि विभाग के प्रमुख सचिव के चैंबर में जाकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के माध्यम से संघ ने विभाग में प्रत्येक संवर्ग की पदोन्नति के लिए समय पर डीपीसी का आयोजन एवं पदोन्नति करने, विभागीय प्रस्तावित भर्ती नियम में सहायक ग्रेड-1 की सीधी भर्ती के प्रावधान को बार-बार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अस्वीकार करने के बावजूद प्रकरण के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा न जाए।

### ये हैं कर्मचारियों की मांगें

विभाग की स्थापना शाखा में उप सचिव एवं अतिरिक्त सचिव विभागीय होना चाहिए। विभागीय कर्मचारियों की सेवा एवं सुविधाओं के प्रत्येक मामलों में मोहन प्रसाद गुप्ता अतिरिक्त सचिव द्वारा अनावश्यक रूप से बाधा उत्पन्न किया जाता है। उनका तबादला किया जाए। इसके अलावा वेतन विसंगि का निराकरण, कम्प्यूटर ऑपरेटरों की पदोन्नति चैनल निर्मित करने, चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की तत्काल भर्ती की जाए, अवकाश आवेदन ऑनलाइन किया जाए सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

# कमिश्नर ने जोन दफ्तर में की पार्षदों के साथ बैठक, विकास कार्यों पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को जोन-10 कार्यालय में क्षेत्र के सभी पार्षदों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। इस दौरान पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के साथ अप्रारंभ कार्यों को लेकर भी चर्चा की। इस बैठक में जोन कमिश्नर राकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

**पार्षदों ने दिए सुझाव-** कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने बैठक के दौरान जोन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रगतिरत सभी विकास कार्यों को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सतत मॉनिटरिंग कर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें और साथ ही स्वीकृत होने के बाद भी जो कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें जल्द शुरू कराएं। बैठक के दौरान पार्षदों ने भी विकास कार्यों के संबंध में सुझाव दिए।

# ज्ञानी व्यक्ति में अभिमान नहीं, बल्कि सरलता होनी चाहिए : आचार्य पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



ज्ञानी व्यक्ति में ज्ञान का भंडार होता है, इसलिए ज्ञानी व्यक्तियों को हमेशा सरल होना चाहिए और ज्ञानी व्यक्ति हमेशा सम्मान से झुकने वाला होना चाहिए। जो ज्ञान पाकर घमंड और अहंकार करते हैं, उनका बेहतर समय ज्यादा दिन तक नहीं रहता। डूमरतराई में चल रही श्री रामकथा के पंचम दिवस कथाव्यास आचार्य युवराज पांडेय अमलीपदर वाले के मुखारविंद से श्री रामकथा का रसपान श्रद्धालुओं ने किया। आचार्यश्री ने भक्तों को कथा रूपी सागर का अमृतपान कराते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदासजी में भी बहुत ही सरलता थी, जिन्होंने जनकल्याण के लिए श्रीरामचरित मानस की रचना की। जब गोस्वामी जी ने श्रीरामचरित मानस लिखा, तब उसे समय के बड़े-बड़े विद्वान उनके श्रीरामचरित मानस को नहीं मानते थे और काफी विरोध भी हुआ, तब भगवान भोलेनाथ को स्वयं तुलसीदासजी की रक्षा के लिए आना पड़ा। ऐसी कृपा संत तुलसीदासजी के ऊपर हुई कि सभी को तुलसीदास कृत श्रीरामचरित मानस को मनाना पड़ा, ऐसे होते हैं ज्ञानी संत।

# भू-माफिया के हौसले बुलंद, 6 हजार वर्गफीट शासकीय भूमि पर किया कब्जा, निगम ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में अब भू-माफिया के हौसले बुलंद हैं। अब तक भू माफिया अवैध प्लाटिंग करते आ रहे थे, लेकिन अब वे शासकीय भूमि पर कब्जा कर वहां निर्माण कार्य भी कराने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला जोन-8 अंतर्गत सरोना क्षेत्र का सामने आया है। इस क्षेत्र में सब्जी मंडी के नाम से प्रस्तावित करीब 6 हजार वर्गफीट जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। इस जमीन पर बाउंड्रीवाल से लेकर टॉयलेट का निर्माण करा लिया गया था। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को अधिकारियों के निर्देश पर शासकीय जमीन पर निर्माण किए गए बाउंड्रीवाल और टॉयलेट को तोड़ने की कार्रवाई करते हुए उसे कब्जा मुक्त कराया।



### 50 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग, लगाई रोक

*इसी जोन अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड-1 के जरवाय क्षेत्र में एक बिल्डर द्वारा 50 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। बिल्डर ने जमीन पर सीसी रोड का निर्माण करा लिया गया था। निगम की टीम ने इस अवैध प्लाटिंग के काम पर तत्काल रोक लगाई और सीसी रोड को पोकलेन मशीन से तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।*

### नोटिस के बाद भी माफिया ने नहीं हटाया कब्जा

जोन कमिश्नर एके हालदार ने बताया कि सरोना में कृष्णा पैराडाइज के समीप सब्जी मंडी के लिए करीब 6 हजार वर्गफीट शासकीय भूमि प्रस्तावित है। इस भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा करते हुए यहां बाउंड्रीवाल एवं टायलेट का निर्माण कराया गया था। इसकी जानकारी मिलते ही कब्जा करने वालों को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस पर उन्हें स्वतः कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे, बावजूद उनके द्वारा कब्जा हटाया नहीं गया। इसके बाद निगम का उड़न दस्ता टीम कोथ्री डी एवं पोकलेन मशीन लेकर यहां पहुंची और कब्जा को हटाने की कार्रवाई की। टीम के साथ रायपुर तहसीलदार मनुमुक्ता पाटिल, नगर निवेशक आभाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## 100 रुपए वाला सोया और राइस ब्रान तेल अब चिल्हर में 150 रुपए बिक रहा

# जमकर मुनाफाखोरी का खेल, 50 रुपए तक महंगा हो गया खाद्य तेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खाद्य तेलों में आयात शुल्क बढ़ने के बाद देश के साथ प्रदेशभर में मुनाफाखोरी का जमकर खेल चल रहा है। जहां राजधानी के डूमरतराई थोक बाजार में सोया और राइसब्रान जैसे तेलों की कीमत 135 रुपए हो गई है, वहीं रायपुर शहर के छोटे थोक कारोबारी इसको 140 रुपए में और चिल्हर कारोबारी 145 से 150 रुपए में बेच रहे हैं। दूसरे तेलों के दाम भी 40 से 50 रुपए तक बढ़ गए हैं। जब सरकार ने अक्टूबर में आयात शुल्क में इजाफा किया था, तो कहा गया था कि तेलों की कीमत ज्यादा से ज्यादा 15 रुपए तक बढ़ेगी, लेकिन कीमत में बहुत ज्यादा इजाफा कर दिया गया है। जो साया और राइसब्रान तेल आयात शुल्क बढ़ने से पहले थोक में 90 रुपए और चिल्हर में 100 रुपए था, वह अब 150 रुपए में बेचा जा रहा है।

### उत्पादकों ने भी बढ़ाई है कीमत

राजधानी के थोक कारोबारियों का कहना है कि उत्पादक कंपनियों ने ही कीमत बढ़ा दी है तो हम क्या करें। ज्यादातर उत्पादक कंपनियों ने दाम में 35 रुपए का इजाफा किया है। ऐसे में थोक कारोबारी अपना मुनाफा लेकर इसको 40 रुपए महंगा किया है। दूसरे नंबर के थोक कारोबारियों ने इसको 45 रुपए महंगा किया है तो चिल्हर कारोबारियों ने इसको 50 रुपए महंगा किया है। अन्य तेलों के दाम भी बढ़े हैं।



**हरेली तेल की भी बढ़ा दी कीमत**

**राइसब्रान का हरेली तेल :** छत्तीसगढ़ में बनता है। जानकारों के मुताबिक इसका आयात शुल्क से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन इसके बाद भी मौके का फायदा उठाते हुए कारोबारियों ने इसकी कीमत में भी थोक में 40 रुपए का इजाफा कर दिया है तो यह चिल्हर में 50 रुपए महंगा हो गया है।

केंद्र सरकार ने बीते माह जब से आयात शुल्क में इजाफा किया है तब से राजधानी रायपुर के थोक से लेकर चिल्हर बाजार में कीमत में आग लग गई है। हालांकि आयात शुल्क बढ़ने के बाद नया माल आने से पहले ही कीमत में इजाफा कर दिया गया था। पहले कीमत में 20 रुपए और फिर तीस रुपए तक इजाफा किया गया। संभावना थी त्योहारी सीजन दीपावली के बाद कीमत कम होगी, लेकिन कीमत कम होने के स्थान पर और ज्यादा हो गई है। थोक कारोबारियों का कहना है कि उत्पादक ही ज्यादा कीमत पर तेल दे रहे हैं तो हम क्या कर सकते हैं।

### थोक में 45 रुपए तक बढ़े दाम

खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा बिकने वाले सोया और राइस ब्रान तेल की बात करें तो इसकी कीमत जुलाई में सौ रुपए से कम थी। सोया तेल और राइस ब्रान थोक में 90 रुपए के आस-पास और चिल्हर में 95 से 98 रुपए में बिक रहा था। लेकिन बीते माह त्योहारी सीजन प्रारंभ होने से पहले इसकी कीमत बढ़ाई गई थी। इसके बाद आयात शुल्क के कारण लगातार कीमत में इजाफा किया जा रहा है। इस समय थोक बाजार में सोया तेल में सबसे ज्यादा बिकने वाला कीर्ति गोल्ड पेटी में 1610 रुपए में मिल रहा है, यानी थोक में कीमत 135 रुपए है। वहीं इसको शहर के थोक कारोबारी अपना पांच रुपए का मुनाफा जोड़कर 1680 से 1700 रुपए में बेच रहे हैं। यानी यह थोक में 140 से 142 रुपए में पड़ रहा है। इसको चिल्हर किराना दुकान वाले शहर से ले जाकर चिल्हर में 150 में बेच रहे हैं। पहले चिल्हर में यह 100 रुपए में बिक रहा था। सरसों तेल पहले चिल्हर में 135 से 140 रुपए था, यह अब 180 रुपए हो गया है। फल्ली तेल 200 रुपए है। यह थोक में 180 से 185 रुपए है।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।


HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
Google Rating | PHILIPS | REXTON Hearing Aids Available
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सम्हर सोसाइटी अध्यक्ष ने संभाला पदभार



**तेंदूकोना।** भारतीय जनता पार्टी के अनुमोदन से राज्य शासन द्वारा कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सम्हर में अध्यक्ष के रूप में पिलेश्वर पटेल को प्राधिकृत अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जिनका पदभार कार्यक्रम 20 नवंबर को समिति सभा भवन में मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद एवं अलका चंद्राकर छाया विधायक व जिला पंचायत सदस्य, डॉ. सदाराम साहू पूर्व अध्यक्ष समिति के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व समिति प्रभारी कोमल दीवान, संजय मालवे, कन्हैया नायक, रुपेश साहू, टीकम ध्रुवंशी, चिंताराम साहू,कोमल दीवान, ऑपरेटर कैलाश पटेल एवं सम्हर समिति के किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धान बेचने में किसानों को आ रही परेशानी

# धान खरीदी में पुराने बारदाने बने बाधा, कहीं स्टॉक नहीं पहुंचा, कहीं गले-फटे निकल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी केंद्रों में टोकन जारी नहीं करने और टोकन कटने के 3 से 7 दिन बाद सोसाइटियों द्वारा धान खरीदी किए जाने से किसानों की परेशानी बढ़ी हुई है, वहीं दूसरी ओर बारदाना की कमी भी सोसाइटियों में बनी हुई है। हरिभूमि ने कई धान खरीदी केंद्रों में जाकर पड़ताल की, तो पता चला कि कहीं बारदाना का पुराना स्टॉक ही नहीं पहुंचा है, वहीं जिन केंद्रों में पुराना बारदाना पहुंचा है, तो उसमें बड़ी संख्या में गले-फटे बारदाने निकल रहे हैं, जिसके कारण किसानों को धान की मात्रा के अनुसार बारदाना नहीं मिल पा रहा है। इससे धान की खरीदी भी प्रभावित होने लगी है। ग्राम खिलोरा सोसाइटी के प्रबंधक ने बताया कि अब तक उनके यहां पुराना बारदाना पहुंचा नहीं है। इसके कारण आगामी दिनों में धान खरीदी बंद भी हो सकती है।



### खराब बारदानों को वापस करेंगे

25-25 हजार का नया और पुराना बारदानों का स्टॉक सोसाइटियों को उपलब्ध कराया जाता है। नियम के तहत सोसाइटियों से किसानों को दोनों बारदाने 50-50 प्रतिशत उपलब्ध कराया जा रहा है। खराब पुराने बारदानों को मार्कफेड को वापस भेजेंगे, जिसके बदले दूसरे बारदाने मांगे जाएंगे।

- **सुनील ठाकुर,** ब्रांच मैनेजर, सहकारी बैंक रायपुर

### टोकन जारी पर बारदाना नहीं

सोसाइटियों के माध्यम से किसानों को धान बेचने के लिए बारदाना उपलब्ध कराया जाता है। इसके तहत 50 प्रतिशत नया और 50 प्रतिशत पुराना बारदाना दिया जाता है। धान खरीदी शुरू होने से पहले रायपुर जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में नया बारदाना तो उपलब्ध कराया दिया गया है, लेकिन पुराना बारदाना अभी भी कई सोसाइटियों को उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके कारण धान खरीदी केंद्रों में टोकन कटाने के बाद भी किसानों को अपना धान बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति दंतरेंगा से करीब दो किलीमीटर दूर ग्राम खिलोरा उपार्जन केंद्र में देखने को मिली। इस सोसाइटी के प्रबंधक रामनरेश यादव ने बताया कि उनके केंद्र में 25 हजार बारदानों का नया स्टॉक आ चुका है, लेकिन पुराना स्टॉक अब तक नहीं पहुंचा है। इसके लिए कई बार अधिकारियों को जानकारी भी दे चुके है। उनका कहना है कि नियम के तहत 50-50 प्रतिशत नया व पुराना बारदाना किसानों को टोकन कटने के बाद उपलब्ध कराना है, लेकिन पीडीएस का पुराना बारदाना आबंटित नहीं होने के कारण फिलहाल 50 प्रतिशत नया बारदाना ही किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

### गल-फट चुके बारदाने लेने में रुचि नहीं ले रहे किसान

लगभग सभी सोसाइटियों में बारदानों का नया स्टॉक आबंटित हो चुका है। सभी केंद्रों में 25-25 हजार बारदाना उपलब्ध कराया गया है। नया बारदानों के साथ ज्यादातर सोसाइटियों में बारदानों का पुराना स्टॉक भी आबंटित कर दिया गया है, लेकिन पुराने बारदानों में कई सोसाइटियों में गल-फट चुके बारदाने भी हैं। इन गल-फट चुके बारदानों को लेने में किसान भी रुचि नहीं दिखा रहे है। इसके कारण सोसाइटियों में बारदानों की कमी बनी हुई है।

### दतरेंगा सोसाइटी में मिले फटे पुराने बारदाने

पड़ताल के दौरान ग्राम दतरेंगा धान उपार्जन केंद्र में पुराने बारदानों का स्टॉक में कई बारदाने खराब मिले। ये बारदाने गल-फट गए है, जिसके कारण इन बारदानों को किसान भी खरीद नहीं रहे है।

## पीएम आवास शहरी 2.0 के लिए बनेगी मूल्यांकन और निगरानी समिति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा जिला स्तरीय मूल्यांकन और निगरानी समिति बनाई जा रही है। यह कदम भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय के निर्देश पर उठाया जा रहा है। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

### कलेक्टर होंगे अध्यक्ष

जिला स्तरीय मूल्यांकन एवं निगरानी समिति मे जिला कलेक्टर अध्यक्ष होंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालय के नगर निगम, पालिका, और नगर पंचायत के आयुक्त और सीएमओ सदस्य सचिव, अन्य सदस्यों में संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, कार्यपालन अभियंता, अधीक्षण अभियंता, संबंधित नगरीय निकाय के आयुक्त या सीएमओ और भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नामांकित अधिकारी सदस्य होंगे।

## मिडिल स्कूल में हुई हिन्दी पठन प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में बस्ता मुक्त दिवस पर 23 नवंबर को हिन्दी पठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 8वीं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा के प्रति रुचि जगाना और उनके पठन कौशल को विकसित करना था। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हेम कुमार देवांगन ने विद्यार्थियों को पठन का महत्व समझाते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी पठन से शब्दावली, व्याकरण और अभिव्यक्ति का विकास होता है, जो लिखित और मौखिक संचार को सुदृढ़ बनाता है। पठन एक मानसिक व्यायाम है, जो हमारी कल्पनाशक्ति और चिंतन क्षमता को प्रोत्साहित करता है। यह तनाव कम करने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है। इसलिए, हिन्दी पठन को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना न केवल हमारी भाषा को सुदृढ़ करता है, बल्कि हमारी सोच और व्यक्तित्व को भी परिपक्व बनाता है। प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से आदित्य वर्मा, कक्षा सातवीं से सती यादव तथा कक्षा आठवीं से निधि ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानपाठक ईश्वर प्रसाद रजक और विद्यालय के शिक्षकों गजपति प्रसाद ध्रुव एवं हेम कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। समापन पर धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ। बाल केबिनेट के सदस्यों का कार्यक्रम आयोजन में विशेष योगदान रहा।

## विधायक ने किया सांकरा एवं सपोस खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

सांकरा व सपोस धान खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे। विधायक ने किसानों को फसल को सफाई से लाने तथा केंद्र में बेचने के लिए कहा। कार्यक्रम में सांकरा समिति अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, सपोस सोसाइटी अध्यक्ष निरंजन यादव, सलडीह समिति अध्यक्ष रवि प्रकाश प्रधान, जेराभरण समिति अध्यक्ष बाबूलाल साहू, परसवानी समिति अध्यक्ष अकल श्याम चौधरी का भी स्वागत हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच देवसराल संजय साहू, कांग्रेस बूथ अध्यक्ष जितेन साहू को विधायक ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता भाजपा का पनछा पहनाकर दिलवाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, अरविंद मिश्रा, विधायक कार्यालय बसना के प्रभारी प्रकाश सिन्हा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम, निज सचिव नरेंद्र बोरे, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत साहू, नरेश साहू सरपंच सपोस, बबीता बघेल उपसरपंच, पूजा ठाकुर सरपंच प्रतिनिधि, किशोर बघेल, मथामणि बढ़ाई आदि मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष

### बाल हृदय रोग...

रहती है। ऐसे बच्चे सामान्य बच्चों की तरह खेल–कूद भी नहीं पाते उनमें सांस फूलने की स्थिति होती है। इलाज न मिलने पर कई प्रकार के खतरे बने रहते हैं। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया की आयोजित शिविर में 107 बच्चों का परीक्षण किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार के जांच शिविर समय–समय पर आयोजित किए जाते रहे हैं। जांच के पश्चात ऐसे बच्चे जिन्हें सर्जरी की आवश्यकता है, उनका उच्च संस्थानों में रेफर कर स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में ऑपरेशन करवाया जाता है, जो पूरी तरह निःशुल्क होता है। जिला अस्पताल में आयोजित इस शिविर को सफल बनाने प्रत्येक विकासखण्ड की चिरायु टीम ने प्रयास किया, जिससे हितग्राहियों को लाभ मिल सका। इसके साथ ही साथ शिविर में जिला अस्पताल के डॉक्टर सहित सभी स्टाफ ने अपना सहयोग दिया।



